C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

(1)

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 313 | बिजौलिया - शनिवार, 23 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## 31 जुलाई तक होंगे पंचायत-निकाय चुनाव, हाईकोर्ट का सरकार और चुनाव आयोग को निर्देश

### ओबीसी आयोग को 20 जून तक रिपोर्ट सौंपने के आदेश, सरकार की चुनाव टालने की मांग खारिज

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।



राजस्थान में लंबे समय से टल रहे पंचायत और निकाय चुनावों को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 31 जुलाई 2026 तक पंचायत एवं निकाय चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ओबीसी आयोग को 20 जून तक अपनी रिपोर्ट पेश करने का आदेश भी दिया है। सरकार ने चुनाव कराने के लिए दिसंबर तक का समय मांगा था, जिसे अदालत ने स्वीकार नहीं किया।यह फैसला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा की खंडपीठ ने शुक्रवार को सुनाया। इससे पहले 11 मई को मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया थादरअसल, हाईकोर्ट ने 14 नवंबर 2025 को 439 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को 15 अप्रैल 2026 तक पंचायत और निकाय चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। हालांकि तय समय सीमा में चुनाव नहीं होने पर सरकार ने हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश कर चुनाव आगे बढ़ाने की मांग की थी।सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने दलील दी थी कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। इसके अलावा स्कूलों, स्टाफ, ईवीएम और अन्य संसाधनों की उपलब्धता जैसी परिस्थितियों के कारण समय पर चुनाव कराना संभव नहीं हो सका। सरकार ने यह भी कहा था कि सितंबर से दिसंबर के बीच कई पंचायत समितियों और जिला परिषदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, ऐसे में बाद में चुनाव कराना 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' की अवधारणा के लिहाज से बेहतर रहेगाराज्य चुनाव आयोग ने भी सरकार के पक्ष का समर्थन करते हुए हाईकोर्ट में चुनाव टालने की मांग की थी। आयोग का कहना था कि ओबीसी आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूरी होने से पहले चुनाव कराना व्यावहारिक नहीं होगा।वहीं याचिकाकर्ताओं की ओर से पूर्व विधायक संयम लोढ़ा और गिर्राज सिंह देवंदा ने अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य सरकार जानबूझकर पिछले डेढ़ वर्ष से चुनाव टाल रही है।हाईकोर्ट के ताजा आदेश के बाद अब राज्य सरकार और चुनाव आयोग पर तय समय सीमा में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराने का दबाव बढ़ गया है।

## घर से चोरी हुआ चांदी का कंदौरा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिले के करेड़ा थाना पुलिस ने घर में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी हुआ चांदी का कंदौरा बरामद किया है। बरामद कंदौरे का वजन करीब 1.040 किलोग्राम बताया गया है। पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी पुरणमल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की बीज गोदाम चौराहा, करेड़ा निवासी मोहन रेगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपने घर के कमरे में लोहे के बक्से में कपड़ों के नीचे करीब सवा किलो वजनी चांदी का कंदौरा रखा था। 10 मई 2026 को उसकी पत्नी सामाजिक कार्यक्रम में जाने के लिए कंदौरा निकालने पहुंची तो वह गायब मिला। इस पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल आरोपियों पर निगरानी रखी। मुखबिर तंत्र और मोबाइल कॉल डिटेल के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने शंकर रेगर को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी हुआ चांदी का कंदौरा बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शंकर रेगर के रूप में हुई है, जिसकी उम्र 27 वर्ष बताई गई है।

## रील्स और फिल्मों का असरः माँ की डांट से नाराज 11 साल की बच्ची ने रची खुद के अपहरण की झूठी कहानी, पुलिस जांच में खुला चौंकाने वाला राज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

मोबाइल पर फिल्में और रील्स देखकर प्रभावित हुई एक 11 वर्षीय बालिका ने अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रचकर गांधी नगर थाना पुलिस को घंटों उलझाए रखा। पुलिस की सतर्कता और जांच में मामला पूरी तरह मनगढ़ंत निकला। दरअसल, मां की डांट से नाराज होकर बालिका घर से निकल गई थी और बाद में घर लौटने का रास्ता नहीं मिलने पर उसने अपहरण की कहानी बना दी।

जानकारी के अनुसार गांधी नगर थाना पुलिस को कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि द्वारिका कॉलोनी में एक बालिका संदिग्ध हालत में मिली है, जो अपने अपहरण की बात कह रही है। सूचना पर थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। बालिका ने पुलिस को बताया कि कुछ लोग उसके घर आए और उसे नशीला लड्डू खिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसे ट्रक में डालकर ले जाया गया, जहां पहले से दो अन्य बच्चियां भी मौजूद थीं। बालिका ने दावा किया कि वह मौका देखकर ट्रक से कूदकर भाग निकली। बालिका की कहानी सुनने के बाद पुलिस को संदेह हुआ। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आसपास के लोगों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि बालिका की मां ने सुबह पड़ोसी के लिए गलत सामान लाने पर उसे डांट दिया था। इससे नाराज होकर वह घर से निकल गई थी। बाद में रास्ता भटकने पर उसने टीवी सीरियल और



फिल्मों से प्रेरित होकर झूठे अपहरण की कहानी बना ली।

गांधी नगर थाना प्रभारी पुष्पा कासोटियां ने बताया कि सुबह 11 - 11.30 के आसपास कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि एक 11-12 वर्षीय बच्ची के अपहरण किया गया है और वह द्वारिका कॉलोनी में खड़ी हुई है। में ई मेरी टीम तुरंत मौके पर पहुंची तो बच्ची ने बताया कि ट्रक चालक उसे अगवा कर ले गए थे और ट्रक में दो अन्य बच्चियां भी थीं। बच्ची ने यह भी कहा कि वह मौका देखकर ट्रक से कूदकर भाग निकली। इस पर तुरंत हमने सीसीटीवी फुटेज, आसपास के लोगों से पूछताछ और जांच की तो कहानी झूठी निकली। इस पूरे मामले में सामने आया कि बच्ची को उसकी मां ने सुबह पड़ोसी के लिए गलत सामान लाने पर डांटा था, जिसके बाद वह घर से निकल गई। इसके बाद उसने टीवी सीरियल से प्रेरित होकर अपने अपहरण की मनगढ़ंत कहानी बना दी। हमने बच्ची को समझाया कि ऐसी झूठी कहानियां खतरनाक हो सकती हैं और किसी अनहोनी का कारण बन सकती हैं। बच्ची ने दोबारा ऐसी गलती नहीं करने का भरोसा दिलाया।

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज आएंगे भीलवाड़ा

### हरि शेवा उदासीन आश्रम में धार्मिक कार्यक्रमों में करेंगे सहभागिता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शनिवार को अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। आश्रम सूत्रों के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष देवनानी दोपहर करीब 2 बजे भीलवाड़ा पहुंचेंगे। इस दौरान वे आश्रम परिसर में चल रहे विभिन्न धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करेंगे तथा यज्ञशाला की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं से भेंट करेंगे। साथ ही वे महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी महाराज की कुशलक्षेम भी पूछेंगे। जानकारी के अनुसार अल्प प्रवास के बाद विधानसभा अध्यक्ष सीधे चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना होंगे। उनके



आगमन को लेकर आश्रम परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## तलवार लेकर धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।

शहर के कांवाखेड़ा क्षेत्र में तलवार लेकर परिवार को धमकाने और घर के बाहर उत्पात मचाने के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तलवार भी बरामद कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस ने बताया की 19 मई को कांवाखेड़ा निवासी अकीला बानो ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 18 मई की रात उनका पुत्र और पुत्रवधू स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में शाहरुख अंसारी, उसके पिता अब्दुल रसीद अंसारी और भाई अख्तर अंसारी ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए।

पीड़ित दंपती किसी तरह घर पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने पीछा करते हुए घर तक पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान शाहरुख अंसारी तलवार लेकर घर के बाहर पहुंचा और दरवाजे पर वार करते हुए जान से मारने की धमकियां दीं। परिवार ने डर के चलते घर के दरवाजे बंद कर लिए। बाद में आसपास लोगों की भीड़ जुटने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

मामले में कोतवाली थाने में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई कमलेश कुमार को सौंपी गई। जांच के दौरान परिवादी पक्ष द्वारा घटना के वीडियो फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराए गए, जिसके आधार पर मामले में आर्म्स एक्ट की धारा भी जोड़ी गई।

पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मोहम्मद शाहरुख अंसारी (34) निवासी कांवाखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त तलवार बरामद की गई। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भिजवा दिया गया।

पुलिस ने बताया कि मामले में सह आरोपी अब्दुल रसीद अंसारी और अख्तर अंसारी की तलाश की जा रही है।

## बरूदनी क्षेत्र में बढ़ी चोरी की वारदातें, किसानों में दहशत

### खेत से मोटर और बिजली केबल चोरी, ग्रामीणों ने बढ़ाई रात्रि गश्त की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।

बरूदनी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने किसानों और ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। आए दिन हो रही चोरियों से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। ताजा मामले में पारसोली रोड स्थित बिजली ग्रिड के सामने खेत में लगी मोटर और बिजली केबल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

जानकारी के अनुसार बरूदनी निवासी सत्यनारायण खटिक एवं बिजली विभाग कर्मचारी भंवरलाल मीणा ने बिगोद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया गया कि 21 मई की रात पारसोली रोड स्थित ग्रिड के सामने खेत में लगी करीब 5 एचपी की मोटर तथा लगभग 150 फीट बिजली केबल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। सुबह खेत पर पहुंचने पर मोटर की केबल जली हुई अवस्था में मिली, जबकि मोटर और अन्य सामान गायब था।

ग्रामीणों का कहना है कि बरूदनी स्थित बिजली ग्रिड पर इससे पहले भी कई बार चोरी की वारदातें हो चुकी



हैं। चोर ग्रिड से बोल्ट एवं जीओं की पट्टियां तक चोरी कर चुके हैं, जिससे बिजली व्यवस्था बार-बार प्रभावित हो रही है। लगातार घटनाओं के बावजूद अब तक किसी आरोपी का सुराग नहीं लगने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

बिजली विभाग के लाइनमैन महेंद्र साहू ने बताया कि लगातार हो रही चोरियों से विभाग को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है तथा बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं भंवरलाल मीणा ने कहा कि अब खेतों में लगे बिजली उपकरण भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं और चोर लगातार किसानों को निशाना बना रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

## आबादी क्षेत्र में घुसा पैंथर, बछड़े का किया शिकार, ग्रामीणों में दहशत

भीलवाड़ा फोकस @बिजोलिया ।

जलिंद्री क्षेत्र में शुक्रवार रात शिकार की तलाश में एक पैंथर गांव की आबादी क्षेत्र तक पहुंच गया। पैंथर गांव निवासी रामकिशन कराड़ के मवेशियों के बाड़े में घुस गया और वहां बंधे गाय के एक बछड़े का शिकार कर लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है ।

बताया जा रहा है कि पैंथर की आहट मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हल्ला मचाया, जिस पर पैंथर शिकार छोड़ जंगल की ओर भाग निकला। घटना के बाद देर रात तक ग्रामीणों में भय बना रहा तथा लोग घरों से बाहर निकलने से बचते नजर आए। पूर्व सरपंच विजय तिवाड़ी ने बताया कि आबादी क्षेत्र में लगातार वन्यजीवों की आवाजाही से ग्रामीणों में डर का माहौल है। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है तथा पैंथर को पकड़ने के लिए रेस्क्यू टीम भेजने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और पिंजरा लगाने की भी मांग की है।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ



C M Y K

# देर रात घर के सूने कमरे में मिला युवक का शव

## तीन बच्चों के पिता ने फंदा लगाकर दी जान, मोहल्ले में पसरा मातम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के दादाबाड़ी क्षेत्र स्थित कोली मोहल्ला में गुरुवार देर रात तीन बच्चों के पिता ने अपने ही घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार दादाबाड़ी निवासी धर्मेंद्र (35) पुत्र फतेहसिंह कोली पेशे से पेंटिंग का कार्य करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार रात वह रोज की तरह परिवार के साथ सामान्य तरीके से खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। देर रात वह घर के एक सूने कमरे में पहुंचा, जहां उसने साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के हुक से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

कुछ समय बाद परिजनों की नजर कमरे पर पड़ी तो धर्मेंद्र फंदे पर लटका मिला। यह दृश्य देखते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया।भीमगंज थाने के सहायक उप निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का सामने आया है। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है तथा मामले की जांच जारी है। घटना के बाद मृतक के तीनों बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# श्रीमद्भागवत कथा में द्रौपदी चीरहरण प्रसंग का वर्णन





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव**

कस्बे में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव एवं हरिबोल प्रभात फेरी संगम के दूसरे दिन शुक्रवार को द्रौपदी चीरहरण सहित विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

आयोजक जगदीश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि कथा का शुभारंभ गुरुवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा वाचक कमलेश सिरोठा ने सुखदेव मुनि जन्म, द्रौपदी चीरहरण, गोपसुदा की लाज बचाने एवं राजा परीक्षित जन्म प्रसंग का वर्णन किया।

कथा श्रवण के लिए सवाईपुर सहित आसपास के कई गांवों से श्रद्धालु पहुंचे। कथा प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से 3:15 बजे तक ब्राह्मणों के मंदिर के पास आयोजित हो रही है। 27 मई को कथा पूर्णाहुति एवं 28 मई को हरिबोल प्रभात फेरी का आयोजन होगा।

# संगठन में सक्रियता का मिला इनाम, रामपाल चौधरी बने भाजयुमो प्रदेश सोशल मीडिया सह-प्रभारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (भाजयुमो) की प्रदेश कार्यकारिणी में भीलवाड़ा जिले के युवा कार्यकर्ता रामपाल चौधरी को अहम जिम्मेदारी मिली है। पांसल निवासी एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामपाल चौधरी को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने सोशल मीडिया सह-प्रभारी नियुक्त किया है।

नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं और युवाओं में उत्साह का माहौल है। संगठन के प्रति सक्रियता और सांगठनिक कार्यों में लगातार योगदान के चलते चौधरी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

भाजपा के सदस्यता अभियान के दौरान रामपाल चौधरी ने करीब 2500 युवाओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाकर जिले में उल्लेखनीय कार्य किया था। सदस्यता अभियान में उनके प्रदर्शन को संगठन स्तर पर सराहा गया था। इसी सक्रियता और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्हें प्रदेश टीम में स्थान दिया गया है।

नियुक्ति की सूचना के बाद पांसल सहित जिलेभर के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने रामपाल चौधरी को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर भी दिनभर बधाइयों का दौर चलता रहा।

# नौगांवा सांवरिया सेठ का किया भव्य कछुआ अवतार श्रृंगार, कल लगेगा गौमाताओं को 56 भोग

## झांकी में समुद्र मंथन के पौराणिक प्रसंग को सजीव रूप में दर्शाया, भक्त दर्शन के लिए बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर में ठाकुर जी का बेहद भव्य और अलौकिक श्रृंगार किया गया है, जो श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। इस बार प्रभु सांवरिया सेठ को भगवान विष्णु के द्वितीय अवतार कूर्म (कछुआ)अवतार के रूप में सजाया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि झांकी में समुद्र मंथन के पौराणिक प्रसंग को सजीव रूप में दर्शाया गया है। ठाकुर जी के मुख्य विग्रह को गहरे लाल और सुनहरे बॉर्डर से निर्मित एक विशाल कछुए की पीठ पर विराजमान किया गया है। बैकग्राउंड में नीले जल और सफेद लहरों वाले वस्त्रों के जरिए क्षीर सागर का अद्भुत दृश्य तैयार किया गया है, जबकि प्रभु के शीश पर शेषनाग का दिव्य छत्र सुशोभित है। ठाकुर जी के सम्मुख कृत्रिम गुलाबी कमल के फव्वारे, पीतल का कलश, शंख और विशेष रूप से पीले मिष्ठान का भोग अर्पित किया गया है। इस अलौकिक रूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में रविवार, 24 मई को पुरुषोत्तम मास के प्रथम 'ज्येष्ठ' शुक्ल अष्टमी पर गौमाता को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की जाएगी। सचिव कैलाश डाड ने बताया कि इस महोत्सव की सबसे अनूठी विशेषता यह होगी कि 10 पूजनीय गौमाताओं को पूर्ण वस्त्र ओढ़ाकर, आकर्षक झालरों व सुंदर आभूषणों से विशेष रूप से सजाया जाएगा और उनके सम्मुख छप्पन प्रकार के सात्विक व्यंजनों का भव्य भोग अर्पित किया जाएगा। उत्सव की शुरुआत प्रातःकालीन सत्र से ही विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगी, जो सायंकाल तक अनवरत रूप से विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ जारी रहेगी। मुख्य आयोजन का समय सायं 4.30 बजे से निर्धारित किया गया है, जहाँ सजधज कर तैयार 10 गौमाताओं के सानिध्य में मुख्य उत्सव का आगाज़ होगा। इस दौरान जहाँ एक तरफ गौमाता के लिए छप्पन भोग की सुंदर झांकी सजेगी, वहीं दूसरी तरफ उत्सव में पधारने वाले सभी सनातन धर्मावलंबियों और भक्तों के लिए विशेष रूप से तैयार महाप्रसाद 'गुड़ लापसी' का वितरण किया जाएगा। सायंकाल को गौमाता की भव्य महाआरती उतारी जाएगी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ दीप प्रज्वलित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे और गौमाता का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर मंल गौमाता के लिए तुलादान करने की भी विशेष व्यवस्था की गई है, जहां श्रद्धालु अपनी मन्नत और सामर्थ्य अनुसार तुलादान कर पुण्य लाभ कमा सकेंगे।

# जनसुनवाई में उमड़ी लोगों की भीड़, विधायक लादूलाल पितलिया ने सुनी समस्याएं

## 68 परिवाद दर्ज, मोबाइल टावर नहीं लगाने के दिए निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**



विधायक लादूलाल पितलिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनता की समस्याओं के समाधान के लिए एक दिवसीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति सहाड़ा सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई हुई, जिसमें 31 परिवाद दर्ज किए गए। इसके बाद नगर पालिका सभागार में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित दूसरी जनसुनवाई में 37 परिवाद प्राप्त हुए।

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक पहुंचे और बिजली, पानी, सड़क, सफाई सहित विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक पितलिया ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

इस दौरान वार्ड नंबर 4 छात्रावास कॉलोनी के निवासियों ने क्षेत्र में मोबाइल टावर स्थापित नहीं करने की मांग रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज मंगल से चर्चा कर मोहल्ले में मोबाइल टावर नहीं लगाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अमित तिवारी, थाना अधिकारी लीलाधर मालवीय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

विधायक लादूलाल पितलिया ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को चिन्हित कर उनका त्वरित समाधान करना है। सभी शिकायतों पर सकारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा शिकायतकर्ताओं को समाधान प्रक्रिया की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।

# भारत विकास परिषद का निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित

## 60 मरीजों को मिला परामर्श, 7 रोगी ऑपरेशन के लिए चयनित

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**



भारत विकास परिषद शाखा एवं मदनलाल काबरा चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सोहस्ती वाटिका बस स्टैंड पर निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 60 मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया, जबकि 7 रोगियों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

शिविर प्रभारी पवन लोहिया ने बताया कि शिविर का शुभारंभ शाखा संरक्षक प्रहलाद राय सोमानी, क्षेत्रीय महासचिव संदीप बाल्दी, शाखा अध्यक्ष चमन लोसर सहित पदाधिकारियों द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

शिविर में कृष्णा हॉस्पिटल भीलवाड़ा के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, हार्निया, पथरी, हृदय एवं अस्थि रोग से संबंधित मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। मरीजों की निशुल्क बीपी एवं शुगर जांच भी की गई। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# भाविप विवेकानंद शाखा के ग्रीष्मकालीन शिविर में विशेष बच्चों ने सीखी नई विधाएं

## कबाड़ से बना रहे आकर्षक वस्तुएं, दृष्टिहीन बच्चे सीख रहे कंप्यूटर व संगीत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर विशेष बच्चों के लिए प्रेरणादायी साबित हो रहा है। शाखा अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में बौद्धिक दिव्यांग एवं दृष्टिहीन बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सचिव केजी सोनी के अनुसार शिविर में 36 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को नृत्य, सिलाई, संगीत, जिमनास्टिक, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा गिफ्ट पैकिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चे वेस्ट मटीरियल से पेन स्टैंड और गमले तैयार कर अपनी रचनात्मकता दिखा रहे हैं।

वहीं 8 दृष्टिहीन बच्चों को विशेष लूडो और सांप-सीढ़ी के साथ मोबाइल व कंप्यूटर चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बच्चों ने पहली बार संगीत की धुन पर नृत्य करना सीखा, जिससे उनमें खासा उत्साह देखने को मिला।

शिविर का समापन 24 मई को शाम 6 बजे शांति अतिथि गृह में होगा।

# भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण शिविर आज से, जुटेंगे दिग्गज नेता

## स्वस्तिधाम में होंगे छह सत्र, 250 से अधिक जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता लेंगे भाग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा जिला संगठन का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार से जहाजपुर (यज्ञपुर) स्थित स्वस्तिधाम मांगलिक भवन में शुरू होगा। शिविर में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के कई वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र सहित कुल छह सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, मिथिलेश गौतम, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी तथा सांसद दामोदर अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। रात्रिकालीन आयोजन के तहत मनोरंजन सत्र भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए सरल एप के माध्यम से जीपीएस लोकेशन सहित ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है।

**ईंधन बचाने के संदेश के साथ बस से पहुंचे भाजपा पदाधिकारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने के आह्वान को ध्यान में रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा अपनी प्रबंधन टीम के साथ बस से स्वस्तिधाम पहुंचे। विशेष बात यह रही कि सभी कार्यकर्ताओं ने नियमानुसार टिकट लेकर यात्रा की। आयोजन स्थल पर विधायक गोपीचंद मीणा के सान्निध्य एवं मंडल अध्यक्ष महेंद्र खटीक के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

**तैयारियों को लेकर हुई प्रबंधन टोली की बैठक**

प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्थाओं को लेकर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने 45 सदस्यीय प्रबंधन टोली की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह जिला प्रशिक्षण शिविर प्रदेश में मिसाल कायम करेगा। कार्यकर्ता कई दिनों से शिविर को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं और उनका परिश्रम इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएगा।

**भाजपाई रंग में रंगा शिविर स्थल**

शिविर स्थल को भाजपा के झंडों, बैनरों एवं सजावटी सामग्री से आकर्षक रूप दिया गया है। वहीं आवासीय कक्षों एवं हॉल को महापुरुषों और भाजपा के दिवंगत वरिष्ठ नेताओं के नाम समर्पित किए गए हैं। दो दिनों तक स्वस्तिधाम मांगलिक भवन में जिलेभर के 250 से अधिक भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहेगा।



QUICK BITES

## किशनगढ़ में कैंप से गायब मिली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उच्च अधिकारियों को भेजी शिकायत

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम पंचायत किशनगढ़ पंचायत मुख्यालय पर आयोजित 'लाभार्थी सैचुरेशन कैंप' में ग्राम सुजानपुरा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतरा मीणा के अनुपस्थित रहने का मामला सामने आया है। कैंप में अनुपस्थित रहने पर ग्राम पंचायत प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार 22 मई को ग्राम किशनगढ़, छाछिया-बांदोला एवं सुजानपुरा ग्रामों के लिए विशेष लाभार्थी सैचुरेशन कैंप आयोजित किया गया था। यह कैंप केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे। आरोप है कि सुजानपुरा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतरा मीणा बिना सूचना के कैंप से अनुपस्थित रही। पंचायत प्रशासन द्वारा सूचना देने के बाद भी वह मौके पर नहीं पहुंची।


ग्राम पंचायत किशनगढ़ की प्रशासक पिंकी कुमारी मीणा एवं एवं शिविर प्रभारी ने इस मामले को गंभीर मानते हुए जिला कलक्टर , उपखंड अधिकारी एवं विकास अधिकारी को पत्र भेजकर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत में आयोजित बैठक में भी इस विषय पर प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कहा गया कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के कैंप से कर्मचारियों का अनुपस्थित रहना ग्रामीणों के हितों की अनदेखी है। इस दौरान शिविर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी कन्हैयालाल मीणा ,ग्राम विकास अधिकारी जीतराम चौधरी सहित अन्य कर्मचारियों सहित ग्रामीण मौजूद रहे

## हरिशेवा उदासीन आश्रम में बह रही धर्म की त्रिवेणी

**रामकथा देती है संयम, संस्कार और कर्तव्य पालन की प्रेरणा : महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सनातन सेवा समिति के तत्वावधान एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन के सानिध्य में हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में अधिकमास के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा-सुमिरन प्रकल्प एवं पुरुषोत्तम माह महोत्सव के तहत धर्म, भक्ति और संस्कारों की त्रिवेणी निरंतर प्रवाहित हो रही है। इसी श्रृंखला में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के छठे दिवस हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन ने भगवान श्रीराम और माता सीता के दिव्य विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे और पूरा आश्रम 'सीताराम' एवं 'जय श्रीराम' के जयघोषों से गूंज उठा।

महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन ने कहा कि भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा, प्रेम, त्याग और आदर्शों का दिव्य संगम है। रामकथा मनुष्य को संयम, संस्कार एवं कर्तव्य पालन की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि जहां राम हैं, वहीं धर्म है और जहां धर्म है, वहीं सुख, शांति और सद्भाव का वास होता है। कथा के दौरान उन्होंने महर्षि विश्वामित्र द्वारा भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को यज्ञ रक्षा हेतु वन ले जाने, ताड़का वध, मारीच एवं सुबाहु के संहार और ऋषियों के यज्ञ की रक्षा जैसे प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। साथ ही गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या उद्धार प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का चरण स्पर्श पत्थर को भी चेतना प्रदान कर देता है। भगवान का स्वभाव करुणा और कृपा का प्रतीक है, जो भी उनके संपर्क में आता है उसका जीवन धन्य हो जाता है।

महामंडलेश्वर ने जनकपुरी में आयोजित स्वयंवर प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि पुष्प वाटिका में भगवान श्रीराम और माता सीता ने पहली बार एक-दूसरे के दर्शन किए। माता सीता ने मन ही मन भगवान श्रीराम को पति रूप में स्वीकार कर माता गौरी से प्रार्थना की। स्वयंवर सभा में जहां अनेक राजा-महाराजा भगवान शिव के दिव्य धनुष को हिला तक नहीं सके, वहीं गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम ने सहज भाव से धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई और धनुष भंग कर दिया। इसके साथ ही सम्पूर्ण सभा 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठी और राजा जनक ने माता सीता का विवाह भगवान श्रीराम से करने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवारों में संस्कार, प्रेम, मर्यादा और पारिवारिक एकता बनाए रखने के लिए रामचरितमानस के आदर्शों को जीवन में अपनाना अत्यंत आवश्यक है। भगवान श्रीराम का चरित्र त्याग, सेवा, विनम्रता और मर्यादा का संदेश देता है।

कथा के समापन पर महाआरती आयोजित हुई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं युवा उपस्थित रहे। वहीं विष्णु यज्ञ एवं रुद्राभिषेक में महेश मोरियानी एवं उनकी धर्मपत्नी सहित परिवारजनों ने आहुतियां देकर महादेव का अभिषेक किया। पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत आश्रम में प्रतिदिन विष्णु यज्ञ, रुद्राभिषेक, संकीर्तन, गंगा आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो रहे हैं। आश्रम के संत मायाराम एवं संत गोविन्दराम ने श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में भीलवाड़ा में बह रही धर्मगंगा की इस त्रिवेणी का लाभ लेने का आग्रह किया।

# सालरा ग्राम में एक करोड़ की लागत से बनने वाली पेयजल टंकी का भूमि पूजन

**क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में बड़ा कदम- कोठारी**





भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।

भीलवाड़ा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 56 एवं 57 स्थित सालरा ग्राम में एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली पेयजल टंकी का भूमि पूजन शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल मुख्य अतिथि तथा भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद आमजन के जीवन स्तर में निरंतर सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को किसान निधि उपलब्ध करा रही है तथा प्रत्येक परिवार तक खाद्यान्न पहुंचाने का कार्य कर रही है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि गांव का विकास ही राष्ट्र के विकास का आधार है और सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक अशोक कुमार कोठारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भावना के अनुरूप लंबे प्रयासों के बाद इस क्षेत्र को अमृत-2 जल योजना के तहत पेयजल टंकी निर्माण की सौगात मिली है। उन्होंने बताया कि टंकी निर्माण के लिए डीएमएफटी फंड से एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक कोठारी ने कहा कि इस टंकी के निर्माण से क्षेत्र की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा तथा ग्रामीणों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो पाएगा। उन्होंने इस कार्य में क्षेत्रवासियों के सहयोग को भी सराहा।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भगवान सिंह चौहान, खाखरा वाले देवता के पुजारी श्यामलाल एवं सत्यनारायण गुग्गड विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पंडित प्रीतम व्यास ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन सम्पन्न कराया।कार्यक्रम का संचालन बाबू लाल टाक ने किया।

इस अवसर पर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता किशन खोईवाल, चंबल प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता महेश चंद्र तथा सहायक अभियंता दिलराज मीणा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में महावीर सेन, बद्रीलाल जाट, रामेश्वर गाडरी, भरत पाराशर, कैलाश सेन, मांगीलाल जाट, रामेश्वर लाल, भगत सेन , कैलाश सुवालका एवं प्रहलाद क़ीर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक कार्यालय से एडवोकेट अर्पित कोठारी, गजेंद्र सिंह राठौड़, संजय राठी, शंभू वैष्णव, चेतन मानसिंहका, दिनेश सुथार एवं पृथ्वीराज सिंह कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# बिजोलिया में विकास कार्यों की रफ्तार थमी, आधे-अधूरे प्रोजेक्ट बने जनता की परेशानी, छह माह पहले शुरू हुए कई काम अब तक अधर में, शहरवासी परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।








शहर को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने और विकास की नई तस्वीर दिखाने के दावों के बीच नगरपालिका के कई महत्वाकांक्षी कार्य अब सवालों के घेरे में आ गए हैं। करीब छह माह पहले बड़े स्तर पर शुरू किए गए विकास कार्य आज भी अधूरे पड़े हैं। कहीं सड़कें खुदी हुई हैं, कहीं निर्माण कार्य बीच में अटका है तो कहीं योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही हैं। हालात यह हैं कि विकास के नाम पर शुरू हुए काम अब आमजन के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं।

शहर के प्रमुख पथिक पार्क के जीर्णोद्धार को लेकर भी शुरुआत के बाद काम ठंडे बस्ते में चला गया। सफाई अभियान चलाकर पार्क को संवारने के दावे किए गए, लेकिन उसके बाद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पाया। पार्क की स्थिति आज भी बदहाल बनी हुई है।

वहीं बस स्टैंड परिसर में दुकानों के ऊपर प्रस्तावित रैन बसेरा और अन्नपूर्णा भोजनशाला का निर्माण भी अब तक शुरू नहीं हो पाया है। बस स्टैंड बनने के बावजूद नियमित बसों का ठहराव शुरू नहीं होने से यात्रियों को भी राहत नहीं मिल सकी है।

शहर की मुख्य बूंदी रोड पर सड़क चौड़ीकरण कार्य भी अधूरा पड़ा है। सड़क के एक हिस्से में काम अधूरा होने से व्यापारियों और वाहन चालकों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर जहां सड़क चौड़ी की गई है, वहां अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम की स्थिति आम बात बन चुकी है।


नगरपालिका द्वारा चौराहों पर लाइटिंग व्यवस्था के लिए कई जगह सड़कें खोद दी गईं, लेकिन लंबे समय बाद भी कई स्थानों पर कार्य पूरा नहीं हो सका। अधूरे पड़े कार्यों से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। छोटा खेल मैदान में भी मिट्टी डालकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे मैदान की स्थिति खराब बनी हुई है।अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और नए पट्टों की प्रक्रिया भी अधूरी पड़ी है। शहरवासियों का कहना है कि विकास कार्यों की सुस्त रफ्तार और अधूरे प्रोजेक्ट नगरपालिका की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

इधर, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि बूंदी रोड पर विद्युत पोल शिफ्ट नहीं होने के कारण सड़क चौड़ीकरण कार्य लंबित है। बस स्टैंड भवन निर्माण कार्य में अभी करीब छह माह और लगेंगे। नगर में लाइटिंग कार्य जारी है तथा कनेक्शन के लिए नौ फाइलें लगाई गई हैं। छोटा खेल मैदान का कार्य जल्द शुरू करवाया जाएगा, जबकि पथिक पार्क का कार्य विभागीय प्रक्रिया पूरी होते ही शुरू किया जाएगा।

# खबर का असर : बाकरा पंचायत में खराब पड़े हैंडपंप हुए चालू

**भीषण गर्मी में पेयजल संकट की खबर प्रकाशित होने के बाद PHED विभाग हरकत में आया**

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।




भीषण गर्मी में बूंद-बूंद को तरसे लोग, बाकरा पंचायत में दर्जनों हैंडपंप खराब

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

भीषण गर्मी के दौर में ग्राम पंचायत बाकरा क्षेत्र के ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पंचायत क्षेत्र में दर्जनों हैंडपंप खराब पड़े होने के बावजूद जलदाय विभाग और ग्राम पंचायत द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी समस्या समाधान की बजाय आंखें मूंदे बैठे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि माता मंदिर मोहल्ले में पिछले करीब 15 दिनों से हैंडपंप खराब पड़ा है, जिससे मोहल्लेवासियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं पशु चिकित्सालय के पास, श्मशान घाट क्षेत्र, राजपूत मोहल्ला तथा हीरालाल मेघवंशी के मकान के पास सहित पंचायत क्षेत्र के कई स्थानों पर लगे हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है, लेकिन विभागीय अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति में लगे हैं। समय रहते हैंडपंपों की मरम्मत नहीं होने से आमजन के साथ पशुओं को भी पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़े सभी हैंडपंपों को तत्काल ठीक करवाया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

भीषण गर्मी के बीच ग्राम पंचायत बाकरा में खराब पड़े हैंडपंपों को लेकर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला है। 'भीलवाड़ा फोकस' में 'भीषण गर्मी में बूंद-बूंद को तरसे लोग, बाकरा पंचायत में दर्जनों हैंडपंप खराब' शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) सक्रिय हुआ और विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें पुनः चालू कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि पंचायत क्षेत्र के माता मंदिर मोहल्ला सहित कई स्थानों पर पिछले कई दिनों से हैंडपंप खराब पड़े थे। भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराने से ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा था। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा था, जिससे लोगों में भारी नाराजगी थी।

खबर प्रकाशित होने के बाद क्काश्ष्ठ विभाग की टीम पंचायत क्षेत्र में पहुंची और माता मंदिर मोहल्ला, पशु चिकित्सालय क्षेत्र, श्मशान घाट, राजपूत मोहल्ला सहित अन्य स्थानों पर खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत की। विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी हैंडपंपों को दुरुस्त कर पुनः सुचारु रूप से चालू कर दिया गया।

हैंडपंपों से दोबारा पानी आने पर ग्रामीणों ने संतोष जताते हुए विभाग और मीडिया का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं का समय पर समाधान किया जाएगा, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को परेशानी का सामना नहीं

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।


संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# सिंधु संस्कृति की अलख को नई ऊर्जा देने भीलवाड़ा पहुंचेंगे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीर्थाणी और प्रदेशाध्यक्ष वाधवाणी

## हरीशेवा उदासीन आश्रम में संतों से लेंगे आशीर्वाद, गौरव यात्रा समापन कार्यक्रम पर होगा मार्गदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचन्द पेसवानी**





सिंधी समाज में संस्कृति, संस्कार और संगठनात्मक मजबूती को लेकर चल रही प्रदेशव्यापी 'सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा 2026' अब नए उत्साह और व्यापक जनसंपर्क के साथ आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में भारतीय सिंधु सभा एवं भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास की ओर से राजस्थान सिंधी अकादमी के सहयोग से शनिवार 23 मई को भीलवाड़ा में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी शामिल होंगे।

कार्यक्रम के तहत भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी एवं राजस्थान न्यास के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल वाधवाणी भीलवाड़ा पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर समाजजनों और कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

संभाग प्रभारी वीरूमल पुरसवाणी ने बताया कि शनिवार शाम 5 बजे महानगर के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक आयोजित होगी। बैठक में सिंधी समाज के युवाओं और बच्चों को संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित सिंधी बाल संस्कार शिविर, राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद द्वारा संचालित पाठ्यक्रम, सदस्यता अभियान, जनगणना और प्रदेश स्तरीय सिंधी पंचायतों के मुखी सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा केवल एक यात्रा नहीं बल्कि समाज की सांस्कृतिक पहचान, भाषा संरक्षण और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त अभियान बन चुकी है। यात्रा के माध्यम से समाज में एकता, संस्कार और संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष परमानन्द गुरनाणी ने बताया कि भीलवाड़ा स्थित हरीशेवा उदासीन सनातन आश्रम में पुरुषोत्तम मास के तहत चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों में भी राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान वे महामण्डलेश्वर हंसराम उदासीन एवं महामण्डलेश्वर जगदीश दास उदासीन से रामकथा में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

साथ ही 14 जून को जयपुर में प्रस्तावित सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा के भव्य समापन समारोह को लेकर संतों से मार्गदर्शन भी लिया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों का मानना है कि संतों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से यह यात्रा और अधिक प्रभावी एवं प्रेरणादायी बनेगी।

गौरतलब है कि प्रदेशभर में निकाली जा रही सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा को विभिन्न शहरों में समाजजनों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। यात्रा 24 मई को उदयपुर पहुंचेगी, जहां भी समाज के सभी प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। सिंधी समाज की संस्कृति, भाषा और सनातन परंपराओं के संरक्षण का यह अभियान लगातार जनजागरण का स्वरूप लेता जा रहा है।

# प्रतिभाओं को मिल रहा मंच, शाहपुरा में भाविप के अभिरूचि शिविर ने जगाई रचनात्मकता की नई लौ

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा,**

**मूलचन्द पेसवानी**



भारत विकास परिषद द्वारा शाहपुरा के पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित अभिरूचि शिविर इन दिनों बालिकाओं की प्रतिभाओं को नई उड़ान देने का माध्यम बना हुआ है। कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से सराबोर इस शिविर का शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों ने अवलोकन कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

शिविर में छात्राओं के चेहरे पर उत्साह और सीखने की ललक साफ दिखाई दी। कहीं रंगों की दुनिया में रेजन आर्ट आकार ले रहा था तो कहीं मेहंदी की बारीक डिजाइनों ने सभी का ध्यान खींचा। डांस की ताल पर झूमती बालिकाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, वहीं कैलीग्राफी और हारमोनियम प्रशिक्षण में भी छात्राओं की विशेष रुचि देखने को मिली। पूरे विद्यालय परिसर में रचनात्मकता और उत्साह का अनोखा माहौल बना रहा।

शुक्रवार को संचिना कला संस्थान के अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक, प्रेस क्लब के महासचिव मूलचन्द पेसवानी एवं भाविप के जयदेव जोशी ने शिविर का अवलोकन किया। अतिथियों ने छात्राओं द्वारा तैयार कलात्मक प्रस्तुतियों और सीखने की लगन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पवन बांगड़ ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित यह अभिरूचि शिविर 24 मई को रंगारंग कार्यक्रमों और प्रतिभा प्रदर्शन के साथ संपन्न होगा। शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को पढ़ाई के साथ-साथ कला, संस्कृति और सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़कर आत्मविश्वास प्रदान करना है।

बाद में एसीबीईओ डॉ. सत्यनारायण कुमावत, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शंकरलाल जोशी एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एडवोकेट कैलाश धाकड़ ने भी शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को मंच देने वाले ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

इस अवसर पर शिविर प्रभारी मधु पाटनी, भाविप महिला संयोजिका निर्मला मूंदड़ा, रामप्रसाद हेड़ा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। शिविर में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी और उत्साह को देखते हुए अभिभावकों में भी खासा उत्साह नजर आ रहा है।

# पथिक नगर सेकंड में बदहाल व्यवस्थाएं, अंधेरे, टूटी सड़क और पानी संकट से लोग परेशान

## स्ट्रीट लाइट बंद, सड़क जर्जर, पानी सप्लाई ठप; बस स्टैंड पर फैली गिट्टी से हादसों का खतरा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



कस्बे के पथिक नगर सेकंड क्षेत्र में नगर पालिका की लापरवाही के चलते मूलभूत सुविधाएं बदहाल होती जा रही हैं। क्षेत्र में लंबे समय से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें, जर्जर सड़कें और बाधित पेयजल व्यवस्था से मोहल्लेवासी परेशान हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय निवासी दीपक शर्मा ने बताया कि पथिक नगर सेकंड में काफी दिनों से स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। शिकायत करने पर कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लाइट खराब होना स्वीकार भी किया, लेकिन नई लाइट उपलब्ध नहीं होने का हवाला देते हुए अगले महीने प्राथमिकता से लगाने की बात कहकर लौट गए। ऐसे में रात के समय पूरे इलाके में अंधेरा पसरा रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी के साथ दुर्घटना और असामाजिक गतिविधियों का डर बना रहता है। शर्मा ने बताया कि क्षेत्र की सड़कें भी काफी समय पहले बनाई गई थीं, लेकिन अब उनकी हालत बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे और टूटी सड़कें वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। बरसात से पहले सड़क मरम्मत नहीं होने पर हालात और बिगड़ सकते है इधर पेयजल संकट ने भी मोहल्लेवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में पानी की सप्लाई भी पर्याप्त नहीं है। कई परिवारों को रोजाना पानी के टैंकर मंगवाकर काम चलाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं बस स्टैंड क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा कराए गए निर्माण कार्य के बाद सड़क पर पड़ी बजरी और गिट्टी भी हादसों का कारण बन रही है। निर्माण सामग्री नहीं हटाने से आए दिन दुपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द सफाई करवाकर व्यवस्थाएं सुधारने की मांग की है।

# बिजोलिया के चित्रकार डॉ. ओम प्रकाश सोनी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान

## भारतीय लघुचित्र और विरासत संरक्षण में अतुलनीय योगदान पर मिला 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

वर्षो तक रंगों और विरासत को सहेजने में जुटे रहे कस्बे के वरिष्ठ चित्रकार डॉ. ओम प्रकाश सोनी को आखिरकार उनकी कला साधना का बड़ा सम्मान मिला। उदयपुर स्थित लोक कला मंडल में आयोजित 'वर्ल्ड हेरिटेज इंटरनेशनल आर्ट फेस्टिवल-2026' में उन्हें भारतीय पारंपरिक कला और सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से नवाजा गया।

'आर्ट पीवोट संस्था' द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव में देश-विदेश के कलाकारों और कला प्रेमियों की मौजूदगी के बीच जैसे ही डॉ. सोनी के नाम की घोषणा हुई, सभागार तालियों से गूंज उठा। आयोजन में उनके दशकों लंबे योगदान को भारतीय कला परंपरा की अमूल्य धरोहर बताया गया। डॉ. सोनी ने भारतीय लघुचित्र (मिनिएचर) और ऑयल पेंटिंग कला को नई पहचान दिलाने के साथ-साथ हजारों प्राचीन चित्रों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है। बताया गया कि उन्होंने अब तक 10 हजार से अधिक दुर्लभ चित्रों का संरक्षण और पुनर्स्थापन किया है। इसके अलावा ऐतिहासिक भित्तिचित्रों और फ्रेस्को कला को संरक्षित करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।कला जगत में डॉ. सोनी को केवल चित्रकार ही नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत के सजग प्रहरी के रूप में भी देखा जाता है। उन्होंने वर्षों तक




निस्वार्थ भाव से विद्यार्थियों और युवा कलाकारों को प्रशिक्षण देकर पारंपरिक कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम किया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात कलाविद् प्रो. सुरेश शर्मा और पेसिफिक विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. हेमंत कोठारी ने कहा कि डॉ. सोनी जैसे कलाकार भारतीय संस्कृति की जीवित पहचान हैं, जो कला के माध्यम से इतिहास और परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा रहे हैं।

कार्यक्रम में आशा यादव, पंकज कनेरिया और भास्कर चौधरी को भी कला क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## QUICK BITES

### जनसुनवाई में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, विधायक ने सुनी समस्याएं

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



विधायक गोपाल खंडेलवाल ने शुक्रवार को ग्राम होडा स्थित 'विधायक जन संवाद केंद्र' पर आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में क्षेत्र के ग्रामीणों, बुजुर्गों, युवाओं एवं महिलाओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।

इस दौरान विधायक ने आमजन एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात कर बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया, जबकि अन्य मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक निर्देश दिए।

विधायक खंडेलवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सेवा एवं गांव-ढाणियों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने विधायक की त्वरित कार्यशैली एवं संवेदनशीलता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने आसींद क्षेत्र के विकास कार्यों का लिया जायजा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को आसींद क्षेत्र के बराना एवं दौलतगढ़ सेक्टर का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहित सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मॉडल विकास तालाब, चारागाह भूमि एवं पुस्तकालयों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने बराना स्थित मॉडल विकास तालाब की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के ऐसे प्रयास भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने चारागाह भूमि के विकास एवं संरक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालन के लिए उपयोगी बताया। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग एवं नियमित देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके बाद जिला कलक्टर ने बराना स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध अध्ययन सुविधाओं एवं संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

दौरे के दौरान उन्होंने दौलतगढ़ स्थित लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया तथा पुस्तकालयों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के समय उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह, तहसीलदार जय सिंह, विकास अधिकारी भंवर सिंह चारण, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विष्णु पारीक सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### त्याग और संयम से आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है : साध्वी मणिप्रभा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेंद्र बबलू पोखरना।** स्थानीय शीतल भवन में आयोजित धर्मसभा में राजस्थान प्रवर्तिनी पूज्या गुरुणी श्री यश कंवर जी मसा की सुशिष्या साध्वी मणिप्रभा जी मसा ने त्याग, तप और आत्मशुद्धि का संदेश देते हुए कहा कि त्याग केवल भौतिक वस्तुओं का नहीं, बल्कि मन के विकारों, अहंकार और आसक्ति का होना चाहिए। जब व्यक्ति अपने भीतर से लोभ, क्रोध और मोह का त्याग करता है, तभी उसे वास्तविक शांति और आत्मिक उन्नति का अनुभव होता है।

उन्होंने कहा कि जीवन में संयम और त्याग को अपनाने से व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता है तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। त्याग जीवन को सरल, हल्का और विचारों को पवित्र बनाता है। साध्वी मणिप्रभा ने श्रद्धालुओं से धर्म और संस्कारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर तरुण तपस्वी साध्वी रुचिकाश्री जी मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि वर्तमान समय में धर्म का वास्तविक स्वरूप त्याग, सेवा और सदाचार में दिखाई देता है। सांसारिक आकर्षणों से ऊपर उठकर आत्मचिंतन करने वाला व्यक्ति ही जीवन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त कर सकता है।

धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे तथा सभी ने श्रद्धाभाव के साथ प्रवचनों का श्रवण किया।

### भारत विकास परिषद के 'सम्पर्क संवाद' में राष्ट्र व समाज उत्थान पर मंथन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत, भीलवाड़ा द्वारा चित्तौड़ रोड स्थित एक होटल में 'सम्पर्क संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्धजन, उद्योगपति, चिकित्सक, शिक्षाविद् एवं समाजसेवियों ने समाज और राष्ट्र उत्थान को लेकर अपने सुझाव रखे।

मुख्य अतिथि सुरेश जैन ने कहा कि परिषद समाज की शक्ति को सही दिशा देने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने प्रबुद्धजनों से राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा के लिए सक्रिय सहयोग और सुझाव देने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण, कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, नशा मुक्ति, संस्कार निर्माण, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण एवं युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति जैसे विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज में नैतिक मूल्यों और सनातन संस्कृति को मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

क्षेत्रीय महासचिव संदीप बाल्दी ने बताया कि परिषद देशभर में 1800 शाखाओं और करीब तीन लाख सदस्यों के साथ राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।